मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 11 नवम्बर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	11-11-14	12-11-14	13-11-14	14-11-14	15-11-14
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	32	32	32	31	31
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	18	18	18	17	17
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	3	4	4
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	41	38	36	36	32
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	21	22	22	18
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	11	11	8	9	6
हवा की दिशा	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	उत्तर–पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

गेहूँ की उन्नत किस्में राज–1482, राज–3077, राज–4083, राज 4037, राज–3777 की बुवाई करें।

गेहूँ की फसल को टुण्डु रोग से बचाने के लिये बीज को नमक के 20 प्रतिशत (1 किलो नमक को 5 लीटर पानी) के घोल से उपचारित कर साफ पानो से धोकर छाँया में सुखाने के बाद बुवाई करें।

जीरे की उन्नत किस्मों आर.जेड–19, आर.जेड–209, आर.जेड–223 की बुवाई करें।

ईसबगोल की उन्नत किस्मों गुजरात ईसबगोल–2, राजस्थान ईसबगोल–89 एवं राजस्थान ईसबगोल–1 की बुवाई करें।

पशुओं को परजीवीनाशक दवा/घोल अवश्य दें। परजीवीनाशक दवा को हर बार बदल कर उपयोग में लें।